वित्तीय स्वीकृति-जनपद-बरेली

संख्या-24/2018/46/52-4-18-सा(2)/2015(बरेली)

प्रेषक,

दीनानाथ,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण,
लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक 02मई, 2018

विषय-अल्पसंख्यकों हेतु शैक्षिक सहभागिता एवं उन्नयन योजनान्तर्गत जनपद-बरेली में बालक एवं बालिकाओं हेतु एक-एक मॉडल इण्टर कालेज की स्थापना किये जाने के लिए द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-5773/अ0सं0क0नि0/शै0हब/2017,दिनांक 12.03.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयांकित योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-1531/52-3-2016-सा(02)/2015 (बरेली), दिनांक 20.05.2016 द्वारा जनपद- बरेली में एक मॉडल इण्टर कालेज के निर्माण हेतु रू0-302.00लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि रू0-151.00लाख अवमुक्त की गयी थी।

2- तद्क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शैक्षणिक हब योजना हेतु रू0-2473.00लाख(रू0 दो हजार चार सौ तिहत्तर लाख मात्र) का पूॅजीगत आय-व्ययक प्राविधान उपलब्ध कराया गया है। अत: जनपद-बरेली हेतु उपरोक्तानुसार स्वीकृति एक मॉडल इण्टर कालेज के लिए द्वितीय किश्त के रूप में रू0 151.00 लाख की द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति निम्नांकित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्य पाल द्वारा सहर्ष प्रदान की जाती है:-

(i) मॉडल इण्टर कालेजों के निर्माण हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि जिलाधिकारी- बरेली के निवर्तन पर रखी जायेगी, जिसे उनके द्वारा शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0एस0 को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जायेगा।

(ii) मॉडल इण्टर कालेजों का निर्माण माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मानकीकृत स्टीमेट एवं डिजाइन के अनुरूप कराया जायेगा।

(iii) निर्माण कार्यहेतु एक समयसीमा निर्धारित की जायेगी तथा निर्धारित समयसीमा के अन्दर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में "लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-01-सामान्य शिक्षा-800-अन्य व्यय-05-अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में बहुउददेशीय शैक्षणिक हब की स्थापना-24-वृहद निर्माण कार्य के नामें" डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्तीय (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-1/2018/बी0-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30-03-2018 में प्रदत्त निर्देशों के अधीन निर्गत किये जा रहें है।

भवदीय

(दीनानाथ)
उप सचिव।

संख्या- /2018 /29(1)/52-4-18-सा(2)/15तददिनांकः-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार,(लेखा परीक्षा) प्रथम/,द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/,द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, बरेली।
6- जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली।
7- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बरेली।
8- निदेशक, उ0प्र0 सी0 एण्ड डी0एस0, लखनऊ।
9- कोषाधिकारी, जवाहन भवन, लखनऊ।
10- वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ।
11- वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-11/नियोजन अनुभाग-3 /अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 /वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-1(तीन प्रतियों में) /बजट सहायक/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(दीनानाथ)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in